प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.05.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 16वें वित्त आयोग की 14 सदस्यीय टीम चार दिवसीय दौरे पर आज आएगी राँची, कल देवघर में प्रमंडल स्तर के प्रतिनिधियों के साथ करेगी बैठक।
2. एसीबी ने की शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद आईएएस विनय चौबे के परिवार की संपत्ति की जांच शुरू, तीन और चार जून को शेल कंपनी के निदेशकों से होगी पूछताछ।
3. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने डीजीपी अनुराग गुप्ता को हटाने के लिए तीसरी बार राज्य सरकार को लिखा पत्र, 30 अप्रैल को सेवानृवित होने वाले थे डीजीपी।
4. आयकर विभाग ने आईटीआर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि को 31 जुलाई से बढ़ाकर किया 15 सितंबर।

और

5. मौसम विभाग ने आज और कल राज्य में तेज हवा के साथ भारी बारिश की जताई संभावना, जून महीने में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान।

****************

16 वें वित्त आयोग की 14 सदस्यीय टीम चार दिवसीय दौरे पर आज रांची आयेगी. अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में टीम राजधानी और आसपास के इलाकों का भ्रमण करेगी, वहीं कल टीम देवघर जायेगी जहां प्रमंडल स्तर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी, 30 मई को टीम रांची लौटेगी और स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों और चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेगी. उसके बाद राज्य सरकार के पदाधिकारियों के साथ बैठक होगी. जिसमें राज्य के वित्त मंत्री, मुख्य सचिव और अन्य वरीय पदाधिकारी शामिल होंगे।

****************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शराब घोटाले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की पत्नी और उनके करीबीयों की संपत्ति की जांच शुरू कर दी है। जिनकी संपत्ति की जांच शुरू की गई है उनमें विनय चौबे की पत्नी स्वपना संचिता, शीपिज त्रिवेदी, प्रियंका त्रिवेदी, विनय कुमार सिंह, स्निग्धा सिंह सीए उपेंद्र शर्मा और धनंजय कुमार का नाम शामिल है। जांच पदाधिकारी ने रजिस्ट्री कार्यालयों से विनय चौबे समेत सात लोगों द्वारा खरीदी गई जमीन की जानकारी मांगी है।एसीबी मैन पावर सप्लाई करने वाली कंपनी के निदेशकों से भी पूछताछ करेगी। एसीबी मुख्यालय में इनसे तीन और चार जून को पूछताछ होगी।

****************

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में हुई गड़बड़ी के मामले में रांची में पदस्थापित तीन कोषागार पदाधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में वाणिज्य कर विभाग ने आदेश जारी किया है।

****************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद से हटाने को लेकर तीसरी बार राज्य सरकार को पत्र लिखा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय उन्हें 30 अप्रैल से सेवानिवृत मानती है। जैसा कि गौरतलब है कि राज्य सरकार ने जनवरी में नियम बनाकर दो फरवरी से दो साल के लिए सेवा विस्तार दे दिया था।

****************

झारखंड सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर आईपीएस अफसरों का तबादला किया है। कुल 48 आईपीएस को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अधिसूचना जारी की गई। तदाशा मिश्र गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग की विशेष सचिव बनायी गयी हैं. मनोज कौशिक को रांची का नया आईजी बनाया गया है. अजीत कुमार रांची के नए सिटी एसपी बनाए गए हैं. प्रवीण पुष्कर को रांची का नया ग्रामीण एसपी बनाया गया है।

****************

आयकर विभाग ने वर्ष दो हजार पच्चीस के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी है। पहले अंतिम तिथि 31 जुलाई थी। विभाग ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। समय सीमा विस्तार उन व्यक्तियों, हिंदू अविभाजित परिवार और संस्थाओं पर लागू होगा जिन्हें अपने खातों का ऑडिट करवाने की आवश्यकता नहीं है।

****************

गोड्डा के अशोक स्तंभ परिसर मे सरना धर्म कोड  लागू करने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से धरना प्रदर्शन किया गया। जिले भर के नेताओ के अलावा ग्राम प्रधान ,नायकी ,परगनेत शहित बड़ी संख्या में आदिवासी महिला पुरूषों ने भाग लिया। धरना का नेतृत्व जिला अध्यक्ष प्रेमनंदन मंडल ने किया। इस दौरान उन्होंने जाति जनगणना के पहले सरना धर्म कोर्ड लागू करने की मांग की––

****************

पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नैया जंगल में हुई नक्सल मुठभेड़ को लेकर जोनल आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाईएस रमेश, एसपी रीष्मा रमेशन ने प्रेस कांफ्रेंस की। तीनों अधिकारियों ने नक्सल विरोधी अभियान पर पूरी जानकारी दी और नक्सलियों से आत्मसमर्पण की अपील की। एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि सरकार की आत्मसमर्पण नीति काफी बढ़िया है और नक्सली इसका लाभ उठाने के लिए मुख्यधारा से जुड़े। सरेंडर नहीं करने पर अभियान चलाकर मुठभेड़ में मार गिराए जाएंगे।

****************

गुमला जिला में निवास करने वाले पीवीटीजी समुदाय के लोग अब कृषि आधारित आजीविका और प्रसंस्करण के माध्यम से एक नई दिशा की ओर आगे बढ़ रहे हैं। और जानकारी दे रहे हैं गुमला संवाददाता

****************

झारखंड की क्षेत्रीय भाषा नागपुरी के गायक–गीतकार 82 वर्षीय महावीर नायक ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों पद्मश्री सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने सम्मान पाने के बाद कहा, "यह सम्मान अपने दिवंगत पिता–दादा और क्षेत्रीय नागपुरी भाषा के तमाम कलाकारों को समर्पित करता हूं। यह मुझसे ज्यादा यहां की मधुर संस्कृति का सम्मान है।" महावीर नायक ने झारखंड के गांवों–गलियों, चौपालों, क्षेत्रीय संस्कृति के विविध मंचों से लेकर विदेशों तक में अपने फन का जलवा दिखाया है।

****************

राज्य में पिछले चौबीस घंटे के दौरान कई स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। बारिश की वजह से सभी जिलों में अधिकतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज हुई है। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य में आंधी और वज्रपात के साथ भारी बारिश हाने की संभावना जताई है, जबकि जून महीने में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। मौसम विज्ञान केन्द्र ने उनतीस मई को राज्य के दक्षिणी पश्चिमी हिस्से में और तीस मई को राज्य के उत्तर पूर्वी तथा उससे सटे हिस्सों में भारी बारिश को लेकर चेतावनी भी जारी की है। इस अवधि में आंधी और वज्रपात की भी आशंका है।

****************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित होनेवाले लगभग सभी अखबारों ने आईपीएस तबादला और जैक बोर्ड की दसवीं की रिजल्ट को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– गीतांजलि स्टेट टॉपर, टॉप टेन में 14 इंदिरा गांधी गर्ल्स स्कूल की छात्राएं।

दैनिक भास्कर ने लिखा शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद आईएएस विनय चौबे के परिवार की संपत्ति खंगालने में जुटा एसीबी।

दैनिक जागरण की सुर्खी है 18 एसपी बदले, अजित रांची के सिटी एसपी, प्रवीण पुष्कर ग्रामीण एसपी बने।

हिंदुस्तान ने पहले पन्ने पर महाबीर नायक को पद्मश्री मिलने की खबर को जगह दी है।

वहीं हिंदुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री के ऑपरेशन सिंदूर पर दिये गये बयान को प्रमुखता दी है।

**********समाप्त************